卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 218 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦15 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# महंगाई की चौतरफा मार

## पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में भारी उछाल, तेल कंपनियों ने बढ़ाई कीमतें

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और ऊर्जा की कीमतों में आई भारी तेजी का सीधा असर अब भारतीय उपभोक्ताओं पर दिखने लगा है। देश की प्रमुख तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल के दामों में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की एकमुश्त भारी बढ़ोतरी कर दी है। ईंधन की कीमतों में आया यह जोरदार झटका देश के मध्यम और नौकरीपेशा वर्ग की कमर तोड़ने वाला साबित हो सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले अप्रैल 2022 में ईंधन की कीमतों में ऐसा बड़ा बदलाव देखा गया था, जिसके बाद लंबे समय तक दरें स्थिर थीं। लेकिन वैश्विक दबाव के चलते तेल कंपनियों ने आखिरकार इस बढ़ोतरी का बोझ आम जनता की जेब पर डाल दिया है। इस ताजा वृद्धि के बाद देश की राजधानी नई दिल्ली सहित तमाम महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम आसमान छूने लगे हैं। दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल




की कीमत 97.77 रुपये हो गई है,जबकि डीजल के लिए उपभोक्ताओं को 90.67 रुपये प्रति लीटर चुकाने होंगे। वहीं दूसरी ओर कोलकाता में पेट्रोल के दामों में सबसे ज्यादा 3.29 रुपये की वृद्धि हुई है, जिससे वहां नया रेट 108.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है और डीजल 3.11 रुपये महंगा होकर 95.13 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भी पेट्रोल 3.14 रुपये की छलांग लगाकर 106.68 रुपये प्रति लीटर और डीजल 3.11 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 93.14 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है। दक्षिण भारत के बड़े महानगर चेन्नई में भी पेट्रोल की कीमत में 2.83 रुपये का इजाफा होने से नया दाम 103.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है, जबकि डीजल 2.86 रुपये की वृद्धि के साथ 95.25 रुपये प्रति लीटर के स्तर पर आ गया है। ईंधन के साथ-साथ वाहन चालकों को दूसरा बड़ा झटका सीएनजी की कीमतों में लगी आग से लगा है। तेल कंपनियों ने सीएनजी की दरों में भी दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है। इस फैसले के बाद दिल्ली में सीएनजी का नया दाम 79.09 रुपये प्रति किलो तय किया गया है, जबकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य शहरों में भी इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। नए संशोधनों के बाद नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी अब 87.70 रुपये प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई है। इसी तरह गुरुग्राम में इसकी कीमत 84.12 रुपये, रेवाड़ी में 83.70 रुपये, करनाल में 83.43 रुपये तथा मेरठ, मुजफ्फरनगर व शामली में 87.58 रुपये प्रति किलोग्राम नई दर लागू (शेष पृष्ठ सात पर)

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर खाई में गिरने से एक युवक की मौत

## रेस्क्यू टीमों ने दो यात्रियों को बचाया

रुद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर इन दिनों रेस्क्यू टीमों की मुस्तैदी तीर्थयात्रियों के लिए देवदूत साबित हो रही है। यात्रा मार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में एसडीआरएफ और पुलिस की रेस्क्यू टीमों ने तत्परता दिखाते हुए दो युवकों को सुरक्षित बचा लिया, जबकि एक अन्य दुखद घटना में उत्तर प्रदेश के एक यात्री की अचेत होने के बाद मौत हो गई। पहली घटना सोनप्रयाग हनुमान बैरियर के पास की है, जहां बीती रात एक व्यक्ति अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 30 से 40 मीटर गहरी खाई में गिर गया। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक आशीष डिमरी के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्ट्रेचर की मदद से घायल को



सुरक्षित बाहर निकालकर सोनप्रयाग चिकित्सालय पहुंचाया। घायल युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष है, जिसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। दूसरी घटना गौरीकुंड से करीब दो किलोमीटर ऊपर चिरबासा हेलीपैड के पास हुई। यहां हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा निवासी 45 वर्षीय यात्री कैलाश शर्मा पुत्र सुप्रभात शर्मा पैदल यात्रा के दौरान अचानक अचेत होकर गिर पड़े। सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंचा और यात्री की गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत सीपीआर देना शुरू किया। टीम की इस त्वरित कोशिश से यात्री को होश आ गया, जिसके (शेष पृष्ठ सात पर)

# राजपुरा में अवैध नशे और सट्टे के खिलाफ फूटा गुस्सा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। राजपुरा क्षेत्र में बढ़ते अवैध नशे, सट्टा और जुआ के कारोबार के खिलाफ स्थानीय पार्षदों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने पुलिस बहुउद्देशीय भवन का घेराव कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और इसके बाद कोतवाल का घेराव कर उन्हें एक शिकायती ज्ञापन



सौंपा। प्रदर्शनकारी जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस नेताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राजपुरा क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार, सट्टा और जुआ खुलेआम संचालित हो रहा है। इससे क्षेत्र की युवा पीढ़ी बर्बादी की कगार पर पहुंच रही है और स्थानीय माहौल पूरी तरह खराब हो चुका है। स्थानीय निवासियों का (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुख्य बाजार में चार दुकानों पर चोरों का धावा

## लाखों की नगदी व सामान चोरी,जीने के रास्ते दुकानों के भीतर पहुंचे शातिर चोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस के रात्रि गश्त के दावों की एक बार फिर कलई खुलकर सामने आ गई है। अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन भवन पर चढ़कर पास सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जिसमें तीन अज्ञात चोर घटना को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर तमाम व्यापारी नेताओं गहरा रोष जाहिर करते हुए पुलिस को शीघ्र खुलासा करने को कहा। जानकारी के अनुसार मटके वाली गली में एक भवन निर्माणाधीन है । मध्य भीतर जा घुसे। इसके बाद चोरों ने जीने के ही रास्ते स्पाईकर शोरूम, ब्लैक बेरी शोरूम व ग्लोबल रिपब्लिक शोरूम में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम






की चार दुकानों में जीने के रास्ते प्रवेश कर वहां से लाखों रूपये की नगदी और लाखों रूपये कीमत का सामान चोरी कर लिया । घटना की सारी रिकार्डिंग दुकानों में लगे सहित महापौर विकास शर्मा भी आ पहुंचे और उन्होंने दुकान स्वामियों से घटना की विस्तार से जानकारी लेकर मौका मुआयना भी किया। उन्होंने घटना पर रात्रि इस भवन के रास्ते तीन चोर छत पर जा पहुंचे और उन्होंने पड़ोस की दुकान रेड़ चीफ के शोरूम के जीने का दरवाजा सम्भल से तोड़ दिया और दिया और मौके से फरार हो गये। प्रात: जब चारों शोरूम के स्वामी दुकान खोलने आये तो उन्हें अन्दर सारा सामान बिखरा दिखाई (शेष पृष्ठ सात पर)

# जिला जज ने किया सुरक्षित ईंधन सुरक्षित जीवन अभियान का शुभारम्भ

## न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं से सप्ताह में दो दिन पैदल या साइकिल से आने का किया आह्वान

रुद्रपुर। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंहनगर द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर रुद्रपुर में "सुरक्षित ईंधन, सुरक्षित जीवन" अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिकन्द कुमार त्यागी ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और न्यायालय कर्मचारियों को ईंधन की बचत के लिए प्रेरित करते हुए सप्ताह में दो दिन वैकल्पिक परिवहन



अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ममता पंत ने कहा कि वर्तमान समय में ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह ईंधन बचत को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाए। उन्होंने बताया कि "सुरक्षित ईंधन, सुरक्षित जीवन" अभियान के अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों से सप्ताह में दो दिन विशेष रूप से सोमवार और शनिवार को पैदल अथवा (शेष पृष्ठ सात पर)

# 80 फिट काले झंडे के साथ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

## नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ जमकर निकाला गुबार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस पार्टी के पार्षदों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर 80 फीट लंबा काला झंडा उठाकर जोरदार प्रदर्शन किया व केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए तत्काल इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला



और पूरे क्षेत्र में "युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो" तथा "पेपर लीक कराने वालों को सजा दो" जैसे नारे गूंजते रहे।इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर सबसे बड़ा कलंक है। लाखों विद्यार्थी दिन-रात 15 से 20 घंटे तक कठिन मेहनत करके डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं, जबकि उनके माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लेकर, अपनी जमा पूंजी खर्च करके और तमाम आर्थिक कठिनाइयों का सामना करके उन्हें कोचिंग व पढ़ाई करवाते हैं। लेकिन जब परीक्षा का पेपर ही लीक हो जाता है तो लाखों मेहनती बच्चों के सपने एक झटके में टूट जाते हैंउन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। लगातार हो रहे पेपर लीक यह दर्शाते हैं कि देश की परीक्षा प्रणाली भ्रष्टाचार और लापरवाही की गिरफ्त में है। यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य और उनके माता-पिता के संघर्ष का सवाल है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, पेपर लीक माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री तत्काल इस्तीफा दें। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से बढ़ती है कार्यक्षमता: धामी

## सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब की द्विवार्षिक पत्रिका का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब की द्विवार्षिक पत्रिका "एक संकल्प : सभी के बेहतर स्वास्थ्य के लिए" का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्लब द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता, शारीरिक सक्रियता और फिट जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन दोनों ही बेहतर कार्यक्षमता और सकारात्मक जीवन के आधार हैं। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, दौड़, खेल गतिविधियां और अनुशासित जीवनशैली व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब द्वारा कर्मचारियों एवं समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए किए जा रहे प्रयास प्रेरणादायी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं बल्कि सामूहिक सहभागिता, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करती हैं। उन्होंने क्लब के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को भविष्य में भी इसी समर्पण और ऊर्जा के साथ कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। क्लब की इस द्विवार्षिक पत्रिका में वर्षभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों और आयोजनों को शामिल किया गया है। इसमें स्वास्थ्य के लिए दौड़, सचिवालय वार्षिक प्रतियोगिता, अंतर विभागीय प्रतियोगिताएं, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ 15 किलोमीटर दौड़, गणतंत्र दिवस पर 26 किलोमीटर दौड़ तथा नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत देहरादून से हरिद्वार तक अखंड रिले दौड़ के माध्यम से गंगा स्वच्छता जनजागरूकता अभियान जैसी गतिविधियों का उल्लेख किया गया है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष ललित चंद्र जोशी, महासचिव राजेंद्र प्रसाद जोशी, पत्रिका संपादक शारदा शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश घींगा, मुख्य सलाहकार जीवन सिंह बिष्ट, सलाहकार रीता कौल, उपाध्यक्ष रीना शाही सहित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री से विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों ने की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैंप कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों के विकास कार्यों और जनसमस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।थराली विधानसभा क्षेत्र से विधायक भूपाल राम टम्टा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास योजनाओं पर चर्चा की। इसके साथ ही कैंट विधानसभा क्षेत्र की विधायक सविता कपूर ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा।विकासनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की और क्षेत्र की प्रगति से संबंधित विषयों पर विचार साझा किए। वहीं रायपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक उमेश शर्मा काऊ ने मुख्यमंत्री से भेंट कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रीतम पंवार ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपने क्षेत्र के जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित समाधान और विकास कार्यों को गति देने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।



# छीनीगोठ को मिलेगी बाढ़ से सुरक्षा 574 लाख के कार्यों का शुभारंभ

चम्पावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल से टनकपुर के छीनीगोठ क्षेत्र के लोगों को बाढ़ और जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 111/2025 के अंतर्गत छीनीगोठ में 574.95 लाख रुपये की लागत से बाढ़ सुरक्षा कार्यों का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत छीनीगोठ क्षेत्र में हुद्दी नदी के बाएं तट पर लगभग 954 मीटर क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा कार्य कराए जाएंगे। योजना के अंतर्गत 4 मीटर ऊंची सीसी सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में 6 मीटर चौड़ी और 1 मीटर गहरी वायर क्रेट संरचना स्थापित की जाएगी, जो नदी के कटाव और बाढ़ के प्रभाव को रोकने में प्रभावी भूमिका निभाएगी। इस परियोजना के पूर्ण होने से छीनीगोठ की एक हजार से अधिक आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही टनकपुर और बनबसा क्षेत्र में बाढ़ से होने वाले नुकसान और जलभराव की समस्या का भी समाधान होगा। यह कार्य स्थानीय लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री हेमा जोशी और विधायक प्रतिनिधि दीपक रोजगार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनहित के विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र की सुरक्षा और सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# प्रत्येक ब्लॉक में विकसित होंगे आदर्श कृषि और उद्यान गांव: सीएम

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की बैठक में अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक विकासखंड से एक-एक गांव का चयन कर उसे कृषि और उद्यान के क्षेत्र में आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने जोर दिया कि स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, जलवायु, भूमि की गुणवत्ता और स्थानीय आवश्यकताओं का अध्ययन कर फल, सब्जियों और अन्य उत्पादों का चयन किया जाए। उन्होंने उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड को आगामी तीन वर्षों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं में किसानों के हित सर्वोपरि



होने चाहिए। उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने पर बल दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर और अन्य संस्थानों के सहयोग से प्रदेशभर में बड़े स्तर पर कृषि गोष्ठियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत तकनीक, बेहतर खेती के तरीकों और उच्च गुणवत्ता वाले पौध, बीज और खाद उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सरसों, तिल, सूरजमुखी और सोयाबीन जैसी तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को कृषि विविधीकरण के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बायो गैस संयंत्र और सौर ऊर्जा संचालित पंपों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के साथ ही डिजिटल माध्यमों से उपज की बिक्री के लिए किसानों को सुविधाएं और प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने और शोध व तकनीकी नवाचारों का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने के लिए श्लैब टू लैंडश अभियान से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार डब्बू, सचिव एसएन पाण्डेय, अपर सचिव बंशीधर तिवारी और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्र संसद और कन्या भारती के पदाधिकारियों ने ली शपथ

नानकमत्ता। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नानकमत्ता में छात्र संसद एवं कन्या भारती के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं मनविन्दर कौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनविन्दर कौर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र जोशी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात छात्र संसद और कन्या भारती के निर्वाचित सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि मनविन्दर कौर ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और नेतृत्व



क्षमता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र जोशी ने छात्र संसद और कन्या भारती के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य एवं छात्र संसद प्रमुख तुलसी प्रसाद तथा कन्या भारती प्रमुख भावना राणा द्वारा किया गया। छात्र संसद में प्रधानमंत्री पद की शपथ मनोज जोशी ने ली, जबकि उप प्रधानमंत्री भास्कर जोशी, मंत्री विवेक सिंह राणा, सह मंत्री पंकज अटवाल, सेनापति रजत जोशी एवं उप सेनापति रतन सिंह ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इसी प्रकार कन्या भारती में प्रमुख सुखविंदर कौर, सचिव सुनिधि सोराड़ी, सह सचिव सौम्या जोशी, मंत्री सुखप्रीत कौर तथा सह मंत्री ज्योति जोशी ने भी अपने पद की शपथ ली।


## कार्यालय जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर

### होर्डिंग्स/यूनिपोल की विज्ञप्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग्स /विज्ञापन बोर्ड / यूनिपोल/वॉल पेंटिंग की प्रख्यापित उपविधियों के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, ईकाई, फैक्ट्री आदि होर्डिंग्स / विज्ञापन बोर्ड / यूनिपोल/वॉल पेंटिंग के माध्यम से राष्ट्रीय मार्ग एवं राज्यीय मार्ग के किनारे प्रचार-प्रसार के व्यवसायी अपने होर्डिंग्स / विज्ञापन बोर्ड / यूनिपोल/वॉल पेंटिंग को इस सूचना की तिथि से एक सप्ताह के भीतर उपविधियों के मानकों को पूर्ण करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 के लिए उक्त कार्य के अधिकृत ठेकेदार मै0 बाबा जी एडवरटाईजिंग, पार्टनर श्री रविन्द्र चौहान, मो0 नं0-7500029158 अथवा कार्यालय जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर में लाइसेंस शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में लाइसेंस शुल्क जमा न करने वाले व्यवसायियों के विज्ञापन बोर्ड / होर्डिंग्स / यूनिपोल को अवैध मानते हुए उपविधियों / अनुबन्ध के अनुसार हटाने की कार्यवाही की जायेगी और वॉल पेंटिंग को मिटा दिया जायेगा।

पत्रांक-310/[illegible]/ 2026-27 दिनांक 14.05.2026

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर


# सेंट मैरी की सिमरन शर्मा ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में पाया दूसरा स्थान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिससे विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। विद्यालय की मेधावी छात्रा सिमरन शर्मा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और ऊधम सिंह नगर जिले में द्वितीय स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं हर्षिता जोशी ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और रितु धामी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में यंतिका ने 93.2 प्रतिशत, करिश्मा ऐरी ने 92.8 प्रतिशत, आकृति मणि तिवारी ने 91.4 प्रतिशत, निशिका रावत ने 91.4 प्रतिशत, शुभम जोशी ने 91.4 प्रतिशत, ईशा घोष ने 90.8 प्रतिशत, आस्था कौशिक ने 90.8 प्रतिशत तथा हिमांशु सागर ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की



प्रधानाचार्या सिस्टर प्रिया पीटर कारवल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं समस्त शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की।


## कार्यालय जिला पंचायत, ऊधमसिंहनगर

पत्रांक- 312/निर्माण-जि.पं.ऊ.सिं.न./2026-27 दिनांक 14.05.2026

### ई-निविदा विज्ञप्ति

जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर में निर्माण कार्यों के लिए इस कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त निराश्रित गौवंश के संरक्षण हेतु गो सदन निर्माण मद के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य विधान सभा क्षेत्र गदरपुर के ग्राम बरीराई में गौशाला निर्माण कार्य की उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली-2017 के प्राविधानों के अन्तर्गत द्वि- बिड प्रणाली के द्वारा ई-निविदा निम्नानुसार आमन्त्रित की जाती है।

1. निविदा भरने की अन्तिम तिथि :- दिनॉक 09.06.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक।
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि :- दिनॉक 10.06.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक।
7. वित्तीय निविदा को खोलने की तिथि - तकनीकी निविदा पूर्ण होने के उपरान्त।
8. निविदा की शर्तें एवं निविदा प्रपत्र वेब साईट https://uktenders.gov.in पर अपलोड किये जाने हेतु दिनॉक 20.05.2026 से दिनॉक 09.06.2026 तक सायं 5:00 बजे तक उपलब्ध होगी।

कार्यों का विवरण निम्नवत् है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृति राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधान सभा क्षेत्र गदरपुर के ग्राम बरीराई में गौ वंश संरक्षण हेतु गौशाला का निर्माण कार्य | 295.235 | 590480.00 | 15000+ जी.एस.टी. | 180 दिन |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, ऊधमसिंहनगर।

# सैन्य सम्मान के साथ अग्निवीर रमनजीत सिंह को अंतिम विदाई

## कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अग्निवीर रमनजीत को दी श्रद्धांजलि

शक्तिफार्म। मां भारती की सेवा का सपना आंखों में लिए सेना में भर्ती हुए शक्तिफार्म के युवा अग्निवीर रमनजीत सिंह गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। गांव पिपलिया में जब तिरंगे में लिपटा



उनका पार्थिव शरीर पहुंचा तो पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। "रमनजीत अमर रहे" और "भारत माता की जय" के नारों के बीच हजारों नम आंखों ने अपने लाल को अंतिम विदाई दी। वहीं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अग्निवीर रमनजीत सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में देश सेवा का जज्बा पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि रमनजीत की असमय मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है और राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। 18 वर्षीय रमनजीत सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह का गत वर्ष अग्निवीर योजना के तहत सेना में चयन हुआ था। वह महाराष्ट्र के पुणे में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। परिवार के अनुसार उनकी ट्रेनिंग पूरी होने में महज एक सप्ताह शेष था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। प्रशिक्षण के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 13 मई को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। गुरुवार दोपहर जैसे ही शहीद बेटे का पार्थिव शरीर गांव पिपलिया पहुंचा, अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर आंख नम थी और हर चेहरा गमगीन। बनबसा से पहुंची राजपूत रेजीमेंट की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर वीर जवान को सलामी दी। सेना के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी और अधिकारियों ने रमनजीत की माता को राष्ट्रीय ध्वज सौंपकर राष्ट्र की ओर से सम्मान प्रकट किया। यह दृश्य देख मौजूद हर व्यक्ति की आंखें भर आईं। रमनजीत के चाचा बलकार सिंह ने बताया कि वह बचपन से ही सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना चाहते थे। अग्निवीर में चयन के बाद उनका उत्साह देखते ही बनता था। परिवार और गांव को उन पर गर्व था। लेकिन अचानक आई इस दुखद खबर ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। रमनजीत के बड़े भाई पवनजीत सिंह खेतीबाड़ी करते हैं, जबकि पिता जोगेंद्र सिंह सिडकुल की एक फैक्ट्री में कार्यरत हैं। बेटे की अंतिम विदाई के दौरान परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में मातम पसरा रहा और हर कोई यही कहता नजर आया कि क्षेत्र ने अपना एक होनहार बेटा खो दिया। अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक नारायण पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, कांग्रेस प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# जल संस्थान के ट्रीटमेंट प्लांट से तार चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड जल संस्थान के बल्दिया पड़ाव क्षेत्र स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से विद्युत तार चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की गई कॉपर की तार बरामद हुई है, जिसके बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की। जल संस्थान के सहायक अभियंता अमित कुमार ने बताया कि विभाग के कनिष्ठ अभियंता शीशपाल सिंह द्वारा इस संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई थी। तहरीर के अनुसार, बीते दिनों ट्रीटमेंट



प्लांट में पंपों की सफाई का कार्य चल रहा था। इस कार्य के लिए विभाग द्वारा करीब 100 मीटर कॉपर की विद्युत तार बिछाई गई थी, जिसे अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। तार चोरी होने के कारण पंपों की सफाई का महत्वपूर्ण कार्य भी प्रभावित हो गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत छानबीन शुरू की और उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर स्थित बलरामपुर निवासी भूपराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई करीब 50 मीटर कॉपर की तार बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अब इस घटना में शामिल अन्य संभावित लोगों की तलाश के साथ ही मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# नानकमत्ता में अवैध मिट्टी खनन का खेल जारी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानकमत्ता कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैथुलिया और सरोजा में इन दिनों कथित रूप से अवैध मिट्टी खनन का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना वैध अनुमति के ओवरलोड डंपरों से मिट्टी का खनन कर उसे ग्राम सरोजा स्थित निर्माणाधीन राइस मिल में डलवाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों की हालत खराब होती जा रही है और आम लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। आरोप है कि कई डंपर बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं और नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इससे पहले ध्यानपुर क्षेत्र में भी बड़े स्तर पर मिट्टी खनन की शिकायतें सामने आई थीं, लेकिन कार्रवाई न होने से खनन कारोबारियों के हौसले बढ़ गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप



लगाया कि तहसील प्रशासन, स्थानीय पुलिस और कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से यह पूरा खेल संचालित हो रहा है, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि मिट्टी खनन से जुड़े लोग खुलेआम प्रशासनिक संरक्षण मिलने की बातें करते हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच की मांग की है। **सितारगंज में एसडीएम की नहीं हुई तैनाती :** परगना में उप जिलाधिकारी की तैनाती न होने से मिट्टी माफिया के हौसले बुलंद है। सितारगंज में बैठे अधिकारी उप जिलाधिकारी न होने का फायदा उठाकर मिट्टी माफिया को संरक्षण दे रहे हैं। वर्तमान में सितारगंज परगना का चार्ज खटीमा एसडीएम के पास है।

# प्लाईवुड फैक्ट्री में भीषण आग से लाखों का सामान राख

रामनगर (उद संवाददाता)। तेलीपुरा रोड स्थित स्टार प्लाईवुड फैक्ट्री में गुरुवार तड़के अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन रामनगर की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस हादसे में फैक्ट्री में रखा भारी मात्रा में प्लाईवुड व अन्य सामान जलकर राख हो गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 3:05 बजे फायर स्टेशन रामनगर को सूचना मिली कि तेलीपुरा रोड स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लग गई है। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में एक फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग अमान अहमद पुत्र नईम अहमद की स्टार प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी थी। फैक्ट्री में रखे प्लाई बोर्ड और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण



आग तेजी से फैल रही थी। दमकल कर्मियों ने तुरंत मोटर फायर इंजन से पंपिंग शुरू कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग का विकराल रूप देखते हुए दूसरी फायर यूनिट भी मौके पर बुलानी पड़ी। दोनों दमकल वाहनों की संयुक्त कार्रवाई के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। दमकल विभाग की तत्परता से आग को आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस अग्निकांड में लगभग डेढ़ लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। फैक्ट्री में रखा तैयार माल और अन्य कीमती सामग्री जलकर नष्ट हो गई है।

# राज्य स्तरीय वोविनाम प्रतियोगिता 17 मई को, 250 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से प्रदेश में वोविनाम मार्शल आर्ट को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को तराशने के उद्देश्य से श्उत्तराखंड राज्य स्तरीय वोविनाम प्रतियोगिता 2026श का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 17 मई को रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम के शिवालिक हॉल परिसर में संपन्न होगी। वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष ऋषि पाल भारती ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 250 खिलाड़ी, कोच और रेफरी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी अपने मार्शल आर्ट कौशल का प्रदर्शन करेंगे। अध्यक्ष भारती ने जोर देकर कहा कि इसी प्रतियोगिता के आधार पर आगामी श्राष्ट्रीय वोविनाम चौंपियनशिपश के लिए उत्तराखंड की राज्य टीम का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने पिछले कई वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और उम्मीद जताई कि इस बार भी चयनित खिलाड़ी प्रदेश का मान बढ़ाएंगे। एसोसिएशन ने सभी जिला इकाइयों और प्रशिक्षकों से समय पर पंजीकरण कराने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# जीआईसी मंच खेल मैदान विस्तार को 54.88 लाख की मंजूरी मिली

चम्पावत(उद संवाददाता) । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में खेल अवस्थापनाओं के सुदृढ़ीकरण तथा युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-320/2022 के अंतर्गत जनपद चम्पावत के राजकीय इंटर कॉलेज, मंच में खेल मैदान के विस्तारीकरण कार्य हेतु मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 54.88 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 32.90 लाख रुपये की धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई है। इस कार्य का क्रियान्वयन भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड द्वारा की जाएगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर स्वयं तथा तकनीकी टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल मैदान के विस्तारीकरण से सीमांत क्षेत्र के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच मिलेगा।

# लोहाघाट में पर्यावरण मित्रों के लिए बनेंगे आधुनिक आवास

चम्पावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में चम्पावत जिला प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में नगर पालिका लोहाघाट के पर्यावरण मित्रों और निकाय कर्मचारियों के लिए आधुनिक आवास निर्माण की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-287/2026 के अंतर्गत इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। शहरी विकास अनुभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बाद प्रशासन ने इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इस पहल से लोहाघाट नगर पालिका के कर्मचारियों और उनके परिवारों को जल्द ही बेहतर और आधुनिक आवासीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि निर्माण कार्य समय पर शुरू हो सके। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लोहाघाट और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को आपसी समन्वय के साथ सभी तकनीकी प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने को कहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि पर्यावरण मित्र शहर की स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उन्हें बेहतर आवासीय सुविधाएं देना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# नीट पेपर लीक के विरोध में यूथ कांग्रेस ने निकाला मशाल मार्च

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नीट पेपर लीक और परीक्षा में कथित धांधली के विरोध में शक्तिफार्म में यूथ कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन करते हुए मशाल मार्च निकाला। सुभाष चौक पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य और विधानसभा अध्यक्ष सुमिंदर यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता हाथों में जलती मशालें लेकर सड़कों पर उतरे। प्रदर्शन के दौरान इंकलाब जिंदाबाद और नीट घोटाले की निष्पक्ष जांच करो जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में हुए पेपर लीक ने लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। कांग्रेस ब्लॉक



अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल साबित हुई है और आज मेहनत करने वाला छात्र खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों को बचाने की कोशिश की गई तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। विधानसभा अध्यक्ष सुमिंदर यादव ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे दिन-रात मेहनत कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं, लेकिन पेपर लीक माफिया उनके सपनों को कुचल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं की आवाज बनकर हर मंच पर इस लड़ाई को लड़ेगी। मशाल मार्च के दौरान युवाओं में भारी आक्रोश और उत्साह देखने को मिला। इस दौरान विनय विश्वास, अमित सरकार, मनोज सुतार, अर्जुन विश्वास, सागर मंडल, समीर मल्लिक, अमित कुमार, शिव कुमार, प्रदीप साहनी और अरुण पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

नानकमत्ता। उत्तराखंड पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर द्वारा अवैध नशे के कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत नानकमत्ता पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में कोतवाली नानकमत्ता पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम पक्की खमरिया निवासी कुलदीप सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से एक काले रंग की रबर ट्यूब में रखी 45 लीटर बरामद की है। टीम में उप निरीक्षक राजेंद्र पंत शामिल रहे।



# विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है हर वार्ड: शर्मा

## महापौर ने कृष्णा कॉलोनी में किया सीसी मार्ग एवं नाली निर्माण का शिलान्यास

रूद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर दो कृष्णा कॉलोनी में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने महापौर का जोरदार स्वागत करते हुए उनका नागरिक अभिनंदन किया तथा मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त की। महापौर ने कोमल क्लीनिक से निर्भय गंगवार के घर तक 5.03 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही प्रेमपाल के घर से हरीश शुक्ला के घर तक 4.35 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था तथा स्वच्छता से जुड़े कार्यों में लगातार तेजी लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। महापौर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लंबे समय से सड़क और जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, वहां अब योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी कार्य तय समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। शहर के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं ताकि जलभराव और जर्जर सड़कों की समस्या से मुक्ति मिल सके। हमारा लक्ष्य रूद्रपुर को एक आदर्श और स्वच्छ नगर बनाना है, जिसमें जनता का सहयोग अनिवार्य है। कृष्णा कॉलोनी में आज शुरू हुए ये कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि नगर निगम शहर के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा तथा आने वाले समय में भी विभिन्न वार्डों में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। इस दौरान पार्षद महेन्द्र पाल मौर्य, मुकेश रस्तौगी, पार्षद पवन राणा, प्रेम पाल गंगवार, वीनू, कृष्ण पाल गंगवार, तारक सरकार, नंद किशोर चौहान, सूर्यनाथ मौर्य, मोहन स्वरूप गंगवार, निर्भय गंगवार, रामौतार शर्मा, छत्रपाल राठौर, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।




# बच्चों के बेहतर भविष्य का विकल्प है जीवन रेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस

काशीपुर। मानपुर रोड स्थित जीवन रेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन अशोक छाबड़ा ने सीबीएसई व यू के बोर्ड में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को बधाई प्रेषित करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतिनिधि से अनौपचारिक मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि शहर का प्रतिष्ठित एवं सुविख्यात शिक्षण संस्थान जीवन रेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, फार्मेसी, नर्सिंग, पैरामेडिकल, मैनेजमेंट एवं लॉ के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। यहां से डिग्री व डिप्लोमा लेकर बच्चे अपने भविष्य की दिशा व दशा तय कर सकते हैं। अशोक छाबड़ा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) व उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। श्री छाबड़ा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें जीवन में निरंतर प्रगति, अनुशासन एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन रेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुलाकात के दौरान जीवन रेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रधानाचार्य मनोज बिष्ट भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश



# जवानों को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहने के दिए निर्देश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन रुद्रपुर में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस कार्यालय और पुलिस लाइन के जवानों ने प्रतिभाग कर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जवानों के टर्नआउट का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि विभाग की गरिमा बनाए रखने के लिए उच्च स्तर का अनुशासन अनिवार्य है। अनुशासन ही पुलिस बल की पहचान है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने जवानों के बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए नियमित व्यायाम को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। स्वस्थ शरीर ही बेहतर कार्यक्षमता का आधार है। आगामी चुनौतियों और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जवानों को शस्त्रों के संचालन और उनके रख-रखाव के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। परेड के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।



# कच्ची शराब सहित आरोपी को दबोचा

गदरपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत कोतवाली गदरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 46 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 14 मई 2026 को सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान कोपा कृपाली से हरिपुरा बैराज की ओर गूलरभोज क्षेत्र में पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर जांच की। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल में रखी काली रबड़ की ट्यूब से करीब 46 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी काला सिंह पुत्र चम्बा सिंह निवासी कोपा कटपुलिया, कौपा गूलरभोज कैनाल कॉलोनी, ऊधमसिंह नगर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शराब को स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या न06थ9713 से परिवहन कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मेघा शर्मा (प्रभारी चौकी गूलरभोज), कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह एवं कांस्टेबल संतलाल शामिल रहे।



# निगम ने राहगीरों के लिए अनेक जगह लगवाए प्याऊ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम प्रशासन द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए राहगीरो के लिए पानी की व्यवस्था किये जाने हेतु शहर के 13 स्थानों पर 9 अस्थायी तथा 4 स्थायी प्याऊ की व्यवस्था कर चालू कर दिया गया है। अस्थाई प्याऊ काठगोदाम चौराहा, तिकोनिया चौराहा, ताज चौराहा, पटेल चौक, सिंधी चौराहा, टेंपो स्टैंड मंगल पड़ाव, सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के पास, बाजपुर बस अड्डा, कुसुखेड़ा चौराहा तथा 4 स्थायी स्थाई प्याऊ टैक्सी स्टैंड, तहसील, के एम यू स्टैंड, एवं नगर निगम में लगाए गए है।




# निगम ने कूड़े से तैयार की खाद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नगर निगम द्वारा एलसीबी फर्टिलाइजर के सहयोग से गोला रोखड़ में कूड़े से खाद तैयार की गई। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रक्रिया में 14 मेट्रिक टन कूड़े को कंपोस्टिंग के माध्यम से लगभग 25 दिनों में 7 मेट्रिक टन कंपोस्ट में बदला गया। उन्होंने बताया नगर निगम की इस पहल का लाभ टचिंग ग्राउंड में बढ़ रहे कूड़े को ढेर को कम करने में होगा। पूर्व मे भी नगर निगम द्वारा कंपोस्टिंग मशीन जैम फैक्टरी में स्थापित की गई जो 24 घंटे में एक मेट्रिक टन कूड़े को खाद में परिवर्तित करती है।



# स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर आयुक्त ,नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त की अगुवाई में बैणी सेना के साथ शहर में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर निगम से प्रारम्भ होकर नैनीताल रोड, तिकोनिया तक निकाली गयी। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करना तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु प्रेरित करना रहा। रैली में भारी संख्या में आम जनता व पर्यावरण प्रेमी शामिल थे।




# ईंट भट्टों पर बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल कल्याण समिति को विभिन्न ईंट भट्टों का निरीक्षण करने और वहां कार्यरत श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी और सहायक श्रम आयुक्त को निर्देशित किया कि वे स्कूल छोड़ चुके (ड्रॉप आउट) छात्र-छात्राओं के हॉटस्पॉट्स का चिन्हीकरण करें और उनके पुनर्वास के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करें। उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता रोस्टर जारी करने और इसके संभावित हॉटस्पॉट्स चिह्नित करने पर भी जोर दिया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को श्गुड टच बैड टचश के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी दी कि अप्रैल और मई माह में अब तक 4 बाल विवाह रुकवाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग द्वारा स्कूलों में बाल विवाह और श्गुड टच बैड टचश के प्रति निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष डॉक्टर रत्नेश, सदस्य चंद्रकला राय, गौरव टागरा, उमेश सिंह, जितेंद्र कुमार और चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक चाँदनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# अग्रसेन चौक से शिफ्ट होगा मजदूर अड्डा

## अब नगर निगम के पास खाली भूखंड में जुटेंगे श्रमिक, महापौर विकास शर्मा ने अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण

रूद्रपुर। शहर के व्यस्ततम अग्रसेन चौक पर वर्षों से संचालित हो रहे श्रमिक अड्डे को अब अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जायेगा। लगातार मिल रही शिकायतों और यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के चलते नगर निगम प्रशासन ने श्रमिक अड्डे को अग्रसेन चौक से हटाकर नगर निगम के पास स्थित खाली भूखण्ड में अस्थाई रूप से स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। नये स्थान पर श्रमिकों के लिए शेड, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जायेंगी। इसके साथ ही श्रमिकों का सत्यापन अभियान चलाकर उन्हें पहचान पत्र जारी किये जायेंगे। गुरूवार को महापौर विकास शर्मा ने एसडीएम मनीष बिष्ट, सीओ डीआर वर्मा तथा नगर निगम और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ अग्रसेन चौक स्थित श्रमिक अड्डे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने मौके पर मौजूद श्रमिकों, स्थानीय व्यापारियों और आसपास के लोगों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। बताया गया कि अग्रसेन चौक के पास लंबे समय से चल रहे अस्थाई श्रमिक अड्डे के कारण सुबह से दोपहर तक जाम की स्थिति बनी रहती है। खासतौर पर स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों द्वारा लगातार इसकी शिकायत की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान अधिकांश व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने जनहित में श्रमिक अड्डे को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग रखी। महापौर विकास शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि



फिलहाल नगर निगम के पास हाईवे किनारे स्थित खाली भूखण्ड पर श्रमिक अड्डे की अस्थाई व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए वहां पर शेड निर्माण, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी, ताकि श्रमिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। महापौर ने कहा कि श्रमिक अड्डे पर लगातार अव्यवस्थाओं और सुरक्षा संबंधी शिकायतें सामने आ रही थीं। इसी को देखते हुए अब श्रमिकों का सत्यापन अभियान भी चलाया जायेगा। सभी श्रमिकों को नगर निगम की ओर से पहचान पत्र जारी किये जायेंगे, जिन्हें वे कार्यस्थल पर साथ लेकर जायेंगे। इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और श्रमिकों की पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। यह कदम जहां एक ओर यातायात व्यवस्था को सुचारू करेगा, वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करेगा। महापौर ने कहा कि श्रमिकों का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा और उनके हितों का पूरा ध्यान रखा जायेगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम श्रम विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर श्रमिकों के श्रम कार्ड भी बनवायेगा, ताकि उन्हें केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सिडकुल ढाल और मेडिसिटी क्षेत्र के पास संचालित अस्थाई श्रमिक अड्डों को भी व्यवस्थित किया जायेगा। प्रयास रहेगा कि भविष्य में शहर में एक संयुक्त और सुव्यवस्थित श्रमिक अड्डा विकसित किया जाये। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री तरूण दत्ता,भाजपा मंडल अध्यक्षसुनील ठुकराल, पार्षद चिराग कालड़ा, रोशन अरोरा, संदीप राव, विजय तोमर समेत अनेक जनप्रतिनिधि और अन्य लोग थे।

# ऊधम सिंह नगर पुलिस में लागू हुई ईंधन अनुशासन नीति

## हर शनिवार रहेगा नो व्हीकल डे, पैदल गश्त और कार पूलिंग को मिलेगा बढ़ावा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ईंधन बचत और सरकारी संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने ऊधम सिंह नगर पुलिस में तत्काल प्रभाव से "फ्यूल अनुशासन पॉलिसी" लागू कर दी है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा ईंधन बचत को लेकर की गई सार्वजनिक अपील के दृष्टिगत यह पहल शुरू की गई है। नई व्यवस्था के तहत पुलिस कार्यालय और अन्य पुलिस इकाइयों में नियुक्त सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सप्ताह में एक दिन अर्थात प्रत्येक शनिवार को "नो व्हीकल डे" मनाएंगे। इस दिन अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय आने जाने के लिए निजी या सरकारी वाहनों का प्रयोग नहीं करेंगे। एसएसपी ने थाना स्तर पर आयोजित गोष्ठी, अपराध समीक्षा बैठक, ओआर और अन्य बैठकों को यथासंभव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि अनावश्यक वाहन संचालन और ईंधन खर्च को कम किया जा सके। दिन और रात्रि गश्त के दौरान पैदल गश्त को प्राथमिकता देने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। चीता मोबाइल अथवा अन्य वाहनों से



गश्त के दौरान एक स्थान पर वाहन रोककर आसपास के क्षेत्र में पैदल गश्त करने के बाद अगले स्थान पर जाने को कहा गया है। साथ ही अनावश्यक रूप से वाहनों का प्रयोग न करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वीआईपी ड्यूटी, परेड और अन्य कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान कार पूलिंग को प्राथमिकता देने तथा अत्यावश्यक परिस्थिति को छोड़कर बस, टैक्सी और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने थाना और डायल 112 वाहनों के अनावश्यक उपयोग पर भी नियंत्रण लगाने को कहा है। सभी थाना प्रभारियों को सरकारी वाहनों के मासिक ईंधन कोटे को नियंत्रित करने और अनावश्यक ईंधन व्यय रोकने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कर्मियों को ईंधन संरक्षण के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन तथा वैकल्पिक साधनों के उपयोग के लिए प्रेरित करने को भी कहा गया है। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि अनिवार्य पुलिस सेवाओं को प्रभावित किए बिना ईंधन की बचत सुनिश्चित की जाएगी। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि पुलिस एक अत्यावश्यक सेवा है और जनता की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करना भी सामूहिक जिम्मेदारी है। ईंधन बचत केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं बल्कि राष्ट्रहित और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि ऊधम सिंह नगर पुलिस जनसेवा के साथ सामाजिक उत्तर दायित्व के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# कांग्रेस की राजनीति सिर्फ पुतला फूंकने और प्रदर्शन तक सीमित:मिश्रा

रूद्रपुर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने कांग्रेस द्वारा पेपर लीक और प्रधानमंत्री की अपील के विरोध में पुतला दहन किए जाने को घटिया राजनीति करार दिया है। जारी बयान में मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री सदैव देश की



जनता का हित चाहते हैं ताकि जनता पर कोई अनावश्यक बोझ न पड़े। उन्होंने युद्ध की आशंका को देखते हुए ईंधन बचाने की अपील की है, लेकिन विपक्षी दल इस पर भी राजनीति कर रहे हैं। धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील का असर हर राज्य में दिख रहा है, जहां मुख्यमंत्री से लेकर आम आदमी ईंधन बचाने का प्रयास कर रहा है। भाजपा शासित राज्यों में विदेशी यात्राओं को भी टाल दिया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस कभी देशहित नहीं समझ सकती, इसीलिए वह बार-बार मुंह की खाती है। पेपर लीक की घटना पर मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए सीबीआई जांच शुरू कर दी है। देशभर में कार्रवाई कर कई आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन कांग्रेस इसमें भी अपना हित साध रही है और युवाओं को भड़काने का प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सदैव युवाओं के साथ खड़ी है और उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है ताकि युवा राष्ट्र निर्माण में सहयोग दे सकें। मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति अब सिर्फ पुतले फूंकने और धरना प्रदर्शन तक सीमित रह गई है और जनता अब बहकावे में आने वाली नहीं है।

# हमें संस्कृति से जोड़े रखते हैं धार्मिक आयोजन: शिव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रविंद्रनगर वार्ड संख्या 37 में आयोजित अखंड नाम संकीर्तन के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने संकीर्तन का श्रवण किया। उन्होंने ईश्वर के चरणों में आराधना कर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि अखंड नाम कीर्तन स्वयं को ईश्वर से जोड़ने का सबसे बेहतर मार्ग है।



उन्होंने बताया कि वह लगातार क्षेत्र में आयोजित हो रहे विभिन्न अखंड नाम संकीर्तन कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। बंगाली समुदाय में इन आयोजनों को लेकर जो आस्था और प्रेम का भाव नजर आता है, वह अकल्पनीय और अद्वितीय है।विधायक ने कहा कि तीन दिन तक 24 घंटे लगातार चलने वाले इस कीर्तन को हृदय में धारण करने मात्र से मन को असीम शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने साझा किया कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में लगातार प्रवास और भागदौड़ के बीच ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज कराने से ईश्वरीय शक्ति का एहसास होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे आयोजन हमें अपनी धर्म-संस्कृति से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान कमेटी पार्षद विष्णु सिंह, अध्यक्ष हीरा मंडल, उपाध्यक्ष विपुल गाईन, सचिव सुकुमार मंडल, उपसचिव संजय हलदार, कोषाध्यक्ष विवेक महलदार, प्रकाश अधिकारी और वीरेंद्र तिवारी सहित तमाम लोग रहे।

# वॉलीबॉल खेलते समय चोटिल हुए विधायक पाण्डे,सरकारी अस्पताल में कराया उपचार



गदरपुर। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे वॉलीबॉल खेलते समय चोटिल हो गए, जिसके बाद उन्होंने गदरपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचकर अपनी उंगली में आई चोट का उपचार कराया। खास बात यह रही कि विधायक पांडे ने किसी विशेष व्यवस्था का सहारा लेने के बजाय आम नागरिक की तरह अस्पताल में लाइन में लगकर पर्ची कटवाई और डॉक्टर को चोट दिखाकर इलाज कराया। बताया जा रहा है कि वॉलीबॉल खेलते समय उनकी उंगली में चोट लग गई थी, जिसके बाद वह एक्स-रे करवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर पहुंचे। वहां उन्होंने सामान्य मरीजों की तरह अपनी बारी का इंतजार किया और अस्पताल की प्रक्रिया के अनुसार उपचार कराया। विधायक ने चिकित्सा प्रभारी डॉ. अंजनी कुमार को अपनी चोट दिखाकर परामर्श लिया।

# इशिता ने रोशन किया परिवार का नाम

रुद्रपुर। गंगापुर रोड स्थित जेसीज पब्लिक स्कूल की छात्रा इशिता पाठक ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में 91.6 प्रतिशत अंक



प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शुरू से ही मेधावी रही इशिता अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, माता-पिता और नियमित अध्ययन को देती हैं। उनका सपना सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर देश सेवा करना है। इशिता ने बताया कि वह प्रतिदिन चार से पांच घंटे पढ़ाई करती हैं। पढ़ाई के साथ-साथ वह घर के कार्यों में भी अपनी माता का सहयोग करती हैं। इशिता की माता मुन्नी पाठक नौकरीपेशा हैं। उनके कार्य पर जाने के बाद इशिता घर की जिम्मेदारियां संभालती हैं। उनके छोटे भाई वैभव गुरुकुल में रहकर वैदिक और आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इशिता के पिता चन्द्रशेखर पाठक एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। इशिता ने अंग्रेजी में 86, इतिहास में 91, राजनीति विज्ञान में 94, भूगोल में 89, शारीरिक शिक्षा में 86 तथा फाइन आर्ट में 97 अंक प्राप्त किए। इशिता की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजनों और शुभ चिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# स्मैक के साथ महिला नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रेंज एसओटीएफ टीम व थाना वनभूलपुरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में एक महिला नशा तस्कर को 39.58 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड" अभियान को मिली एक और सफलता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड" विजन को साकार करने हेतु कुमाऊँ पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आईजी कुमाऊं श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में रेंज एसओटीएफ टीम एवं थाना वनभूलपुरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चौकिंग के दौरान एक महिला को अवैध स्मैक के



साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राबिया पत्नी फहीम उर्फ बबलू निवासी अली मस्जिद के पास, वनभूलपुरा बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कुल 39.58 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने स्मैक कब्जे में लेकर महिला नशा तस्कर राबिया को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। संयुक्त टीम में उप निरीक्षक मनोज यादव, का. दिलशाद अहमद आदि शामिल थे। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने स्पष्ट किया गया है कि नशा तस्करी करने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त उत्तराखण्ड के संकल्प को पूरा करने हेतु पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## यूपी में मौसम की मार

उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने एक बार फिर यही दर्शाया कि मौसम की मार से बचाव के लिए एहतियात बरतने से लेकर सटीक पूर्वानुमान को लेकर तकनीकी स्तर पर अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। राज्य के कई इलाकों में बुधवार की शाम को तेज आंधी-तूफान, बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि एक तरह से कहर बरपा रही थी और आम लोग उसके सामने लाचार थे।कई जगहों पर तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई। कितनी ही जगहों पर भारी पेड़ उखड़कर वाहनों पर गिर गए और सड़कों के किनारे लगे बोर्ड उड़कर तेज रफ्तार से जमीन पर गिरे। करीब चौबीस घंटों के दौरान करीब सौ लोगों की जान चली गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए। कई जिलों में दो हजार से ज्यादा गांवों में बिजली गुल हो गई। कुदरत के इस कहर के बाद मौसम विभाग ने राज्य के अड़तीस जिलों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने की आशंका के मद्देनजर पीली चेतावनी जारी की, लेकिन अफसोस की बात यह है कि पूर्वानुमानों के बावजूद कई बार ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं, जिनमें तूफान या बिजली गिरने की घटनाएं आम लोगों पर कहर बनकर टूटती हैं।जाहिर है, मौसम की अपनी गति होती है और प्रकृति में उथल-पुथल के नतीजे में ऐसे हालात पैदा हो सकते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि अमूमन हर वर्ष अचानक मौसम का रुख बिगड़ने की आशंका के बावजूद आम लोग इससे बचाव के लिए एहतियात नहीं बरत पाते। इसका खमियाजा यह सामने आता है कि जिन हालात में कुछ लोगों की जान बच सकती थी, उसमें नाहक ही कई लोगों की जान चली जाती है।राज्य में मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती ढांचे और दक्षिण राजस्थान से आ रही हवाओं के प्रभाव से वहां कई जगहों पर अस्सी से सौ किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। नतीजतन, बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ। कई जगहों पर न केवल घरों की छत उड़ गई, बल्कि लोगों के लिए पांव टिकाना भी मुश्किल था। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसे मौसम में बचाव को लेकर जरूरी प्रशिक्षण के अभाव का नुकसान आम लोगों को किस स्तर पर उठाना पड़ता है।संभव है कि पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के साथ-साथ मौसम साफ होने लगे और उसके बाद तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो, लेकिन इसके साथ यह भी सच्चाई है कि साल के इन महीनों में कई बार तेज रफ्तार से चलने वाला तूफान और ओलावृष्टि कई स्तर पर आम लोगों के लिए व्यापक क्षति और खतरे का वाहक बनते हैं। पिछले कुछ वर्षों से हर बार यह देखा जाता है कि एक ओर तूफान में पेड़ या घर गिरने जैसी घटनाओं की वजह से कई लोग मारे जाते हैं, तो दूसरी ओर घर से लेकर फसलों तक को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा, इस बात का अध्ययन किए जाने की जरूरत है कि हाल के वर्षों में बिजली गिरने की घटनाओं में तेज इजाफा क्यों हुआ है, क्योंकि अकेले इस कारण से भी देश भर में काफी संख्या में लोगों की जान जा रही है। मौसम में तेज उतार-चढ़ाव को रोकना भले ही संभव न हो, लेकिन उससे बचाव के कुछ मामूली उपाय करके जानमाल के नुकसान को कम जरूर किया जा सकता है।

## कांग्रेस विधायक सुमित ने पीएम व सीएम के फैसलों पर उठाए सवाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन बचत और सोने की खरीदारी को लेकर की गई अपील तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा "नो व्हीकल डे सहित लिए गए फैसलों पर सवाल उठाए हैं। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि सरकार को जनता के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर ऐसी कौन सी परिस्थितियां बन रही हैं, जिनके चलते इस प्रकार के निर्णय



लेने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ईंधन बचत को लेकर लोगों से अपील कर रही है तो सार्वजनिक परिवहन और वैकल्पिक यातायात व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में भी स्पष्ट योजना सामने आनी चाहिए।उन्होंने कहा कि आम जनता के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या देश किसी बड़े संकट की ओर बढ़ रहा है। सरकार को इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए ताकि लोगों के बीच भ्रम की स्थिति न बने। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक मामलों को लेकर भी विधायक सुमित हृदयेश ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताएं युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं।उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और विश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों की मेहनत और तैयारी के बाद इन परीक्षाओं में शामिल होते हैं। ऐसी घटनाओं से युवाओं में निराशा और असंतोष बढ़ता है।

## कथावाचक पुष्पेन्द्र शास्त्री को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल खेड़ा स्थित नव दुर्गा मंदिर में ब्रम्हलीन गुरु मां कुमारी रूपा देवी की पुण्य तिथि पर आयोजित देवी भागवत कथा में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण किया और कथा वाचक पुष्पेन्द्र शास्त्री से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान



राजकुमार ठुकराल ने कथा वाचक पुष्पेन्द्र शास्त्री को पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि गुरु मां कुमारी रूपा देवी जी का जीवन समाज को सही मार्ग दिखाने और अध्यात्म की अलख जगाने में समर्पित रहा। उनकी पुण्य तिथि पर आयोजित यह देवी भागवत कथा हम सभी को आत्मिक शांति और मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कथा वाचक पुष्पेंद्र शास्त्री जी के मुखारविंद से बह रही ज्ञान गंगा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, सकारात्मकता और धार्मिक चेतना का संचार करते हैं। ऐसे आयोजनों से लोगों को धर्म और संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।


ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

# ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

**(CIN: L85110UR1995 PLC008627)**

**Registered office: Plot no. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estate, SIDCUL, Pant Nagar, Rudrapur, Udham Singh Nagar - 263153, Uttarakhand**

**Telephone: 011-45642555, Website: www.archidply.com, Email: cs@archidply.com**

## POSTAL BALLOT NOTICE

Members of Archidply Industries Limited ("the Company") are hereby informed that pursuant to Section 108 and Section 110 of the Companies Act, 2013, **("the Act")**, read together with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, Regulation 44 and other applicable provisions and Circular SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 dated October 3, 2024 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 **("SEBI Listing Regulations")** and in accordance with the guidelines prescribed by the Ministry of Corporate Affairs **("MCA")** for holding general meetings / conducting Postal Ballot process through e-Voting vide General Circulars No. 14/2020 dated April 8, 2020, No. 17/2020 dated April 13, 2020, No. 20/2020 dated May 05, 2020, No. 22/2020 dated June 15, 2020, No. 33/2020 dated September 28, 2020, No. 39/2020, December 31, 2020, No. 02/2021 dated January 13, 2021, No. 10/2021 dated June 23, 2021, No.20/2021 dated December 8, 2021, No.03/2022 dated May 5, 2022, No. 11/2022 dated December 28, 2022 and No. 09/2023 dated September 25, 2023, General Circular No. 09 / 2024 dated September 19, 2024, dated September 19, 2024, 03/2025 dated September 22, 2025, issued by the Ministry of Corporate Affairs (the "MCA Circulars"), Secretarial Standard on General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India ("SS-2") and other applicable provisions, including any statutory modification or re-enactment thereof for the time being in force, the Company seeks approval of the Members through Postal Ballot only by way of remote voting through electronic means **("E-Voting")** in respect of the following special business as specified in the Postal Ballot Notice dated May 08, 2026 along with explanatory statement thereto:

| S. No. | Description of Item | Type of resolution |
|---|---|---|
| 1. | To approve the re-appointment of Mr. Pritam Singh (DIN: 01168865) as a Non- Executive Independent Director of the Company | Special Resolution |

In compliance with aforesaid MCA Circulars, Notice of Postal Ballot has been sent through electronic mode on **Thursday, 14th May, 2026** to those Members whose e-mail addresses are registered with the Company or Depository Participant **('DP')** or Company's Registrar and Share Transfer Agent **("RTA")** viz KFIN Technologies Limited as on the **Cut-off date i.e. Friday, 08th May, 2026.**

The Notice of Postal Ballot is also available on the website of the Company i.e. www.archidply.com, website of the Bombay Stock Exchange at www.bseindia.com and National Stock Exchange at www.nseindia.com and website of KFin Technologies Limited at www.kfintech.com. Members who do not receive the Notice may download it from the above-mentioned websites.

A person, whose name is recorded in the register of members/list of beneficial owner as on the cut-off date shall only be considered eligible for the purpose of e-voting. Any recipient of the Notice who was not a member of the Company as on the Cut-off date should treat this Notice for information purpose only.

The members of the Company are hereby notified that:

1. The voting rights of the Members shall be reckoned in proportion to the equity shares held by them on the Cut-off date on **Friday, 08th May, 2026.**
2. The Company has engaged the services of KFin Technologies Limited for the purpose of providing e-voting facility to all its members on the resolution set forth in the Notice. The instructions for e-Voting are given in detail in Postal Ballot Notice.
3. The remote e-Voting period will commence on **Sunday, 17th May, 2026 at 9:00 A.M. (IST)** and ends on **Monday, 15th June, 2026 at 5:00 P.M. (IST).** Remote e-Voting will not be allowed beyond aforesaid date and time and the e-voting module shall be forthwith disabled by KFin Technologies Limited upon expiry of the period.
4. The Company has appointed CS Rajneesh Sharma, Company Secretary in whole-time practice with Membership Number FCS: 5549 & COP: 24210 as the Scrutinizer to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

The results of e-voting along with Scrutinizer's report will be announced within 2 working days from the conclusion of the e-voting and will be placed on the website of the Company i.e. www.archidply.com and on the website of KFin Technologies Limited at www.kfintech.com. The results shall also be uploaded on the Bombay Stock Exchange (BSE) portal i.e. www.bseindia.com and National Stock Exchange portal i.e. www.nseindia.com. The Company will also display the Result of e-voting alongwith Scrutinizer report on the Notice Board of its Registered office.

In case of any queries/grievances, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Members and e-voting user manual available at the 'download' section of https://evoting.kfintech.com or call KFin Technologies Limited on 1800 309 4001 (toll free).

**For Archidply Industries Limited**
**Sd/-**
**Atul Krishna Pandey**
**Company Secretary**
**Membership No. ACS 47815**

**Place: New Delhi**
**Date: May 14, 2026**

# मानव जीवन का हर क्षण इंसानियत और भक्ति में समर्पित हो: माता सुदीक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण दिव्य वातावरण में संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में परम् श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में भावपूर्ण संत समागम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं ने सतगुरु के पावन दर्शन व अमृतमयी प्रवचनों को श्रवण कर आत्मिक शांति, आनंद एवं दिव्य प्रेरणा का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि बाबा जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और प्रेमा भक्ति का दिव्य उदाहरण रहा।उन्होंने प्रेरित किया कि मानव जीवन का प्रत्येक क्षण सार्थक बने और हर पल इंसानियत, करुणा एवं मानवीय मूल्यों का प्रमाण प्रस्तुत करे। बाबा जी ने सदैव यही शिक्षा दी कि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर मानवीय गुण विकसित कर निराकार का आसरा लेते हुए सार्थक एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीयें। उन्होंने कहा यदि किसी के जीवन में दुख, पीड़ा या संघर्ष है, तो हमारा कर्तव्य उसे बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रेम, संवेदनशीलता और सहयोग से उसे शांत करना है। जीवन ऐसा हो जो रिश्तों में प्रेम एवं समर्पण की भावना को सुदृढ़ करे। यही बाबा जी की शिक्षाओं का सार और सच्ची मानवता का स्वरूप है। सतगुरु माता जी ने समझाया कि ब्रह्मज्ञान प्राप्त होने के पश्चात जीवन केवल व्यक्तिगत सीमाओं तक नहीं रहता, बल्कि समस्त मानवता की सेवा, कल्याण और उत्थान का माध्यम बन जाता है। सच्ची सेवा दिखावे से परे प्रेम, विनम्रता और निस्वार्थता से परिपूर्ण होती है, जबकि वास्तविक भक्ति शब्दों से आगे बढ़कर व्यवहार, विचार और कर्मों में झलकती है। अमर संत अवनीत जी के समर्पित जीवन का उल्लेख करते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि सच्चा समर्पण वही है जिसमें सेवा का भाव केवल विचारों में नहीं, बल्कि व्यवहार और प्राथमिकताओं में स्पष्ट दिखाई दे। उन्होंने गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियोंके साथ संगत, सेवा और भक्ति को सर्वोपरि रखकर यह प्रेरणा दी कि पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में रहते हुए भी पूर्ण निष्ठा से समर्पित जीवन जिया जा सकता है। इसी क्रम में समर्पण दिवस के अवसर पर हल्द्वानी स्थित संत निरंकारी सतसंग भवन गौजाजाली बरेली रोड में सतसंग का आयोजन किया गया जिसमे श्रद्धालुओं ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की याद में गीतकारों, कवियों और विचारकों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हृदय की गहन अनुभूतियों को अभिव्यक्त किया। जहाँ हर शब्द, हर स्वर दिल की बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणा आज भी श्रद्धालुओं के हृदय में जीवित है।





# उप तहसील धरना समाप्त कराने पहुंचे एसडीएम

नानकमत्ता। उप तहसील नानकमत्ता में ग्राम प्रधान पद का पर्चा अवैध अतिक्रमण दिखाकर निरस्त किए जाने के मामले में पिछले 9 दिनों से धरने पर बैठे ग्रामीणों से एसडीएम तुषार सैनी ने धरना स्थल पर पहुंचकर वार्ता की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से धरना समाप्त करने की अपील करते हुए कहा कि मामले की जांच जल्द कराई जाएगी। एसडीएम तुषार सैनी ने धरनारत लोगों को आश्वासन दिया कि एक-दो दिन के भीतर जांच के आदेश जारी कर दिए जाएंगे, इसलिए सभी लोग धरना समाप्त कर दें। हालांकि धरने पर बैठे ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक पूरे मामले की निष्पक्ष जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। धरनारत लोगों का आरोप है कि ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी का पर्चा गलत तरीके से अवैध अतिक्रमण दर्शाकर निरस्त किया गया है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हुई है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई। इस मौके पर कांग्रेस नेता अर्जुन राणा, हरिओम राणा, सुखविंदर सिंह मोमी, बजिंदर सिंह मोमी, राजेंद्र राणा, मनीष राणा, संजीत सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



# वर्ष 2003 और 2025 की मतदाता सूची के मिलान और मैपिंग के निर्देश

नैनीताल/हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 की तैयारियों को लेकर जनपद स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय ने वर्चुअल माध्यम से समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से वर्ष 2003 की मतदाता सूची का वर्ष 2025 की सूची के साथ मैपिंग कार्य की प्रगति जांची गई। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मतदाता की मैपिंग शुद्धता के साथ सुनिश्चित की जाए और अनमैप्ड मतदाताओं की सूची का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। उन्होंने एआरओ नेट सॉफ्टवेयर के माध्यम से सामने आई विसंगतियों पर विस्तार से चर्चा की और सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर ई-रोल अपडेट से संबंधित कोई भी प्रपत्र लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रपत्र-6, 7 और 8 किसी भी स्थिति में निर्धारित समय सीमा (क्रमशः 15, 30 और 45 दिन) से अधिक लंबित न रखे जाएं। इसके साथ ही उन्होंने सभी ईआरओ और एईआरओ के पास निर्वाचन आयोग के नेट पोर्टल पर सक्रिय अकाउंट होने और सभी बीएलओ के फोन में संबंधित ऐप डाउनलोड होने की पुष्टि करने को कहा। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हंसा दत्त पांडे, तहसीलदार कुलदीप पांडे सहित वर्चुअल माध्यम से नगर आयुक्त परितोष वर्मा और नैनीताल, रामनगर, धारी व कालाढूंगी के उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।



# नाबार्ड की जनजातीय विकास परियोजना से बुक्सा परिवारों की संवरेगी आजीविका

रामनगर (उद संवाददाता)। नाबार्ड द्वारा समर्थित जनजातीय विकास निधि परियोजना के अंतर्गत जनपद के रामनगर विकासखंड में बुक्सा जनजाति परिवारों के सतत आजीविका विकास हेतु विभिन्न गतिविधियाँ तेजी से संचालित की जा रही हैं। लगभग 2.50 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली इस परियोजना को नाबार्ड ने 10 सितंबर 2025 को स्वीकृति प्रदान की थी, जिसमें 1.55 करोड़ रुपये का अनुदान सहयोग शामिल है। प्रगतिशील संस्था द्वारा संचालित इस योजना के माध्यम से थारी, राजपुर, पिपलसाना, बेरिया एवं ललितपुर गांवों के जनजातीय परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में नाबार्ड नैनीताल के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल ने परियोजना क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण एवं अनुश्रवण भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने थारी गांव में चल रही गतिविधियों का जायजा लिया और प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण में पाया गया कि परियोजना के तहत बकरी पालन का कार्य शुरू हो चुका है और प्रथम चरण में 20 जनजातीय कृषकों को उन्नत नस्ल की बकरियों से जोड़ा जा चुका है। इसके साथ ही बाड़ी विकास कार्यों के अंतर्गत फलदार पौधों के रोपण हेतु भूमि तैयारी और गड्ढा खोदाई का कार्य भी प्रगति पर है। परियोजना के तहत 100 जनजातीय कृषकों को बाड़ी विकास और 100 परिवारों को बकरी पालन इकाइयों से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें फलदार वृक्षारोपण, अंतर्वर्ती खेती, जल संरक्षण और जैविक खाद के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री बेलवाल ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय परिवारों की आय में स्थायी वृद्धि करना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना है। उन्होंने क्रियान्वयन संस्था को निर्देशित किया कि समस्त कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री, पशुधन चयन और नियमित प्रशिक्षण पर बल देते हुए कहा कि कृषि, उद्यान और पशुपालन जैसे अन्य विभागीय योजनाओं के साथ तालमेल बिठाकर लाभार्थियों को अधिकतम लाभ पहुँचाया जाए।


## सूचना

मेरा पुत्र विशाल राणा मेरे कहने सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा उससे कोई सम्बन्ध नही है।

-लाल सिंह पुत्र श्री जय सिंह
निवासी ग्राम बरकीडांडी कोतवाली नानकमत्ता,जिला उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड


# नालों की सफाई का किया निरीक्षण

काशीपुर। महापौर दीपक बाली ने मानपुर रोड पर आर के फ्लोर मिल के पीछे गैबिया नाले की हो रही तली झाड़ सफाई का निरीक्षण किया। दीपक बाली स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों की टीम के साथ मानपुर रोड पर आरके फ्लोर मिल के पीछे पहुंचे और उन्होंने गैबिया नाले की हो रही सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहर के सभी बड़े नालो महादेव नहर कलश मंडप वाला नाला नकटिया नाला एवं गैबिया नाले सहित सभी नाली व नालो की तली झाड़ सफाई का अभियान चल रहा है। नगर निगम क्षेत्र के सभी व्यापारियों के लिए बिना अर्थदंड के ट्रेड लाइसेंस बनवाने की अंतिम तिथि अब 15 मई 2026 के स्थान पर बढ़ाकर 31 मई 2026 कर दी गई है। इसके साथ ही नगर निगम ने लाइसेंस शुल्क में 50 प्रतिशत तक की छूट देने का भी फैसला लिया है। विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था 14 मई 2026 से प्रभावी मानी जाएगी।

## पेज एक का शेष...

**महंगाई की चौतरफा...**कर दी गई है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में एक साथ हुई इस भारी बढ़ोतरी का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था और आम आदमी के बजट पर पड़ेगा। डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ने से माल ढुलाई महंगी हो जाएगी, जिससे आने वाले दिनों में फल, सब्जियां, दूध और रोजमर्रा की जरूरी चीजों के दामों में तेजी आना तय है। इसके अलावा, सीएनजी के दाम बढ़ने से दिल्ली- एनसीआर में ऑटो, कैब और बसों का सफर भी महंगा होने की पूरी आशंका है, जिसका सीधा बोझ अंततः आम जनता को ही उठाना पड़ेगा।

**मुख्य बाजार में चार दुकानों पर ...**दिया। उन्होंने मामले की जानकारी व्यापारी नेताओं व पुलिस को दी। स्पाईकर शोरूम के स्वामी मधुर मेंहदीरत्ता ने बताया कि चोर उसके प्रतिष्ठान से गल्ले में रखे 48 हजार रूपये नगद, लैपटाप और हजारों कीमत के रेडीमेड कपड़े चोरी कर ले गये हैं। वहीं ब्लैकबेरी शोरूम के स्वामी अंकित नरूला का कहना है कि चोरों द्वारा शोरूम से करीब 2.50 लाख की नगदी व सामान चुराया गया है। रेडचीफ के प्रबंधक भूपेन्द्र ने बताया कि चोर प्रतिष्ठान से लगभग 10 हजार की नगदी के साथ सामान चोरी कर ले गये हैं जिसकी विस्तृत जानकारी स्टॉक देखनें के बाद पता चल सकेगी। जबकि ग्लोबल रिपब्लिक के स्वामी आदित्य शर्मा का कहना है कि चोर शोरूम से लगभग 5 लाख रूपये का सामान चोरी कर ले गये है। सभी शोरूम में मध्य रात्रि करीब साढ़े बारह बजे क्रमवार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। शोरूमों में लगे सीसीटीवी में तीन चोर शोरूम के भीतर चोरी करते दिखाई दिये हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने पर महापौर विकास शर्मा भी मौके पर आ पहुंचे और उन्होंने शोरूम स्वामियों से घटना की विस्तार से जानकारी लेकर मौका मुआयना भी किया। साथ ही वहां आये पुलिस अधिकारियों को घटना का शीघ्र खुलासा करने को कहा। जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी संजय ठुकराल समेत तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गये। उन्होनें पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी जाहिर की।

**केदारनाथ यात्रा मार्ग....**बाद उन्हें तुरंत मेडिकल रिलीफ पोस्ट गौरीकुंड में भर्ती कराया गया। इसके अलावा गरुड़ चट्टी के समीप रुद्रा पॉइंट के नीचे नदी के ऊपर एक खतरनाक पहाड़ी पर राजस्थान निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू (24 वर्ष) नाम का युवक फंस गया था। रास्ता बंद होने के कारण वह बेहद दुर्गम और जोखिम भरे स्थान पर फंसा हुआ था और आगे-पीछे जाने में असमर्थ था। एसडीआरएफ की टीम ने भारी चुनौतियों का सामना करते हुए सूझबूझ और साहस के साथ युवक तक पहुंच बनाई और उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाला। वहीं, एक अन्य दुखद घटना केदारनाथ यात्रा मार्ग स्थित बड़ी लिनचोली ग्लेशियर क्षेत्र में हुई। यहां एक व्यक्ति के अचेत अवस्था में होने की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ और स्थानीय टीम द्वारा तत्काल संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाया गया। टीम संबंधित व्यक्ति को तुरंत मेडिकल रिलीफ पोस्ट बड़ी लिनचोली लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 42 वर्षीय आकाश, निवासी नवाबगंज, कानपुर नगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

**जिला जज ने किया ...**साइकिल से न्यायालय परिसर आने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग दूरस्थ क्षेत्रों से आते हैं, वे आपसी समन्वय बनाकर एक ही वाहन का उपयोग करें, जिससे ईंधन की बचत के साथ साथ प्रदूषण में भी कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे प्रयास सामूहिक रूप से बड़े बदलाव का आधार बन सकते हैं और यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। अभियान को व्यवहारिक रूप से अपनाते हुए ममता पंत स्वयं अपने निवास स्थान भूरारानी से लगभग 45 मिनट की पैदल यात्रा कर न्यायालय परिसर पहुंचीं। उन्होंने उपस्थित लोगों को संदेश दिया कि नियमित पैदल चलना न केवल ईंधन की बचत करता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन संजीव फौगाट ने कहा कि ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने अधिवक्ताओं और आमजन से अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन, साइकिल अथवा साझा वाहन का उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर सहायक विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस दीपाली शर्मा, प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजू कुमार श्रीवास्तव, तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश मुकेश चंद्र आर्या, एडीजे पॉक्सो अनीता गुंजियाल सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

80 **फिट काले झंडे....**कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, मोहनखेड़ा, पार्षद सौरव राज बेहड़, पार्षद परवेज कुरैशी, मोनिका ढाली, परिमल राय, राजेंद्र मिश्रा, बाबू खान, पार्षद सौरभ शर्मा, विक्की विर्क, पार्षद गौरव खुराना, पार्षद जितेश शर्मा, तरुण नेगी, सेवाराम दिवाकर, कुंवर पाल कोली, निशांत शाही, राकेश कोली, रणजीत तिवारी, सतनाम सिंह, सोहेल खान, विजय पुजारा, पार्षद इंद्रजीत सिंह, जगदीश कर्मकार, अनंत बिश्नोई, फैजल खान, सोनू चौहान, हरीश कुमार, सुरेंद्र सिंह, पार्षद शुभम दास, चेतन भट्ट, पार्षद अशफाक अली, पार्षद गौरव गिरी, मोहन कुमार, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**राजपुरा में अवैध नशे....**कहना है कि पुलिस को कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें दी गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अवैध नशे के सौदागरों को स्थानीय पुलिस का कथित संरक्षण प्राप्त है, इसलिए राजपुरा चौकी के वर्तमान पुलिस स्टाफ को तत्काल हटाने की मांग भी उठाई गई। घेराव के दौरान पार्षद प्रीति आर्या और धर्मवीर शासक ने कहा कि नशे के जाल में फंसकर युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन अवैध गतिविधियों पर पूर्ण विराम नहीं लगा और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो इस जन आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, कांग्रेस के जिला महामंत्री मलय बिष्ट ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में लगातार विशेष अभियान चलाकर नशा तस्करों, सट्टा संचालकों और जुआ माफियाओं पर कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। कोतवाल को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर जनता की सुरक्षा और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले इन धंधों पर रोक नहीं लगी, तो इस आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू, वरिष्ठ नेता त्रिलोक बनौली, युवा जिला अध्यक्ष सुमित कुमार, पूर्व सहायक नगर आयुक्त विजेंद्र चौहान, अमित रावत, पंकज कश्यप, जीत सिंह, राजू टंडन, प्रकाश आर्या, संजय शेखर, नवीन चौहान, सूरज प्रकाश, मोहम्मद दिलशाद, यूनुस अली, सौरभ कुमार, सुजल, सचिन, अतर सिंह, विक्की कश्यप, तलत एतेशाम और दिनेश चौहान समेत भारी संख्या में स्थानीय लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

**स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित**

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राशन विक्रेताओं ने समस्याओं के समाधान को दिया 20 दिन का अल्टीमेटम

## जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से शासन को भेजा ज्ञापन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन, उत्तराखंड के बैनर तले ऊधमसिंह नगर के सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। जिला अध्यक्ष राजेन्द्र बंगा (काली) के नेतृत्व में जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव को ज्ञापन प्रेषित कर जल्द समाधान की मांग की गई। विक्रेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 20 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन में विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि वर्ष 2025 से अब तक राशन विक्रेताओं को लाभांश नहीं दिया गया है, जिसके चलते उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई और खर्चों के बीच बिना समय पर भुगतान के राशन व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करना कठिन होता जा रहा है। विक्रेताओं ने ई-पॉश मशीन प्रणाली को लेकर भी गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। ज्ञापन में कहा गया कि बायोमैट्रिक मशीन से कोटा कनेक्ट होने के कारण अत्यधिक गर्मी के मौसम में दुकानों पर भारी भीड़ लग जाती है। राशन वितरण के दौरान नेटवर्क और मशीन संबंधी दिक्कतों के कारण उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के बीच विवाद की स्थिति बनती है, जिससे कई बार तनावपूर्ण माहौल पैदा हो जाता है। विक्रेताओं ने मांग की कि कोटा वितरण को



बायोमैट्रिक मशीन प्रणाली से हटाया जाए। इसके अलावा राज्य खाद्य योजना के तहत गेहूं वितरण पर मिलने वाले लाभांश को लेकर भी नाराजगी जताई गई। ज्ञापन में कहा गया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री द्वारा प्रति कुंतल 180 रुपये लाभांश देने की घोषणा के बावजूद वर्तमान में मात्र 50 रुपये प्रति कुंतल का भुगतान किया जा रहा है, जो न्यायोचित नहीं है। राशन विक्रेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग द्वारा ऑनलाइन वितरण व्यवस्था लागू होने के बावजूद उनसे मैनुअल बिक्री रजिस्टर और स्टॉक रजिस्टर बनाए रखने का दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि पूरा डेटा ऑनलाइन उपलब्ध होने के बाद भी अतिरिक्त कागजी कार्यवाही विक्रेताओं पर अनावश्यक बोझ डाल रही है। ज्ञापन में विभागीय अधिकारियों पर विक्रेताओं के उत्पीड़न का आरोप भी लगाया गया। फेडरेशन पदाधिकारियों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद इस दिशा में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन के अंत में शासन-प्रशासन से मांग की गई कि राशन विक्रेताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान किया जाए, अन्यथा पूरे जिले में आंदोलन शुरू किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष मदन लाल खन्ना, सार्थक अग्रवाल, स. हरजीत सिंह, जुझार सिंह, नरेश अग्रवाल, अजय कालड़ा, देवेन्द्र चौहान, रवि खुराना, अशोक बत्रा, सुधीर कुमार, अजय चौहान, विजय पाल, परम हंस, सतीश शर्मा, चन्द्रपाल, अशोक सुधा, श्याम सुंदर,नीरज कुमार, कृष्ण पाल, विनोद सारस्वत, माजिद अली, रवि आर्य, ईश्वर, विक्की पाल आदि मौजूद थे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता हरबंस लाल छाबड़ा के निधन पर जताया शोक

गदरपुर। वरिष्ठ वयोवृद्ध भाजपा नेता हरबंस लाल छाबड़ा का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो जाने पर गदरपुर के मुक्तिधाम शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 4 सकैनिया रोड, गदरपुर उधम सिंह नगर निवासी हरबंस लाल छाबड़ा कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। हरबंस लाल छाबड़ा भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक सहित संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था बृहस्पतिवार को अचानक तबियत बिगड़ने पर उनका निधन हो गया। उनके निधन पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व शैक्षिक संगठनों से जुड़े लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। विशेष उनके द्वारा नेत्रदान का संकल्प किए जाने के बावजूद नेत्रदान नहीं हो सका चिकित्सकों की टीम द्वारा जब उनके नेत्रों की जांच की गई तो नेत्र अस्वस्थ पाए गए जिस पर उनके नेत्रदान का संकल्प तो पूरा नहीं हो सका परंतु उनके संकल्प को पूरा किए जाने का परिवार के अलावा पुत्रों विनोद छाबड़ा एवं जितेंद्र छाबड़ा द्वारा प्रयास किया जाना एक सराहनीय और नेक कार्य है।






# इम्बो पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी 16 मई को,18 चिकित्सक होंगे सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर तहसील के रतनपुरा स्थित पड़ाव स्पेशलिटी आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट सेंटर में कल 16 मई दिन शनिवार को एक दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के 18 आयुर्वेदिक चिकित्सकों को "इम्बो ब्रांड एम्बेसडर" के रूप में सम्मानित किया जाएगा।पद्मश्री सम्मानित वैद्य बालेंदु प्रकाश ने मीडिया को यह जानकारी देते हुए बताया कि संगोष्ठी में प्रयागराज से डॉ. एसके राय, रामपुर से वैद्य गुंजन अग्रवाल, लखनऊ से वैद्य आकाश उपाध्याय एवं डॉ. साक्षी, पीलीभीत से डॉ. एकता गुप्ता, बरेली से डॉ. रवि प्रताप सिंह, गाजियाबाद से डॉ. अनिल तिवारी, मेरठ से वैद्य अमित चौधरी, खलीलाबाद से वैद्य अमित उपाध्याय, मुरादाबाद से डॉ. राघव शर्मा, ग्रेटर नोएडा से डॉ. अशोक तोमर, शामली से डॉ. असीम राही, गाजीपुर से डॉ. पुष्कर राय, बलिया से डॉ. आशुतोष सिंह, कन्नौज से प्रिंस राज सिंह, (अमरोहा), उत्तराखंड आयुष विभाग के ड्रग कंट्रोलर डॉ. केएस नपलच्याल, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजीव कुरेले, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. आलोक



बिलासपुर से वैद्य विजय प्रकाश मिश्रा, रामपुर से डॉ. वीके शर्मा तथा अलीगढ़ से मोहम्मद शाहिद मलिक अपने अनुभव साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ सर्जन डॉ. सुशील टंडन (बरेली), वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. सुनील गौतम (रुद्रपुर), वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीसी सिंघल (दिल्ली), डॉ. चित्रक बंसल शुक्ला तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विवेक प्रकाश भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता पत्रकार संघ अध्यक्ष प्रदीप फुटेला करेंगे। कार्यक्रम में नैनीताल सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती स्नेह सती, कुमारी नेहा नेगी एवं वैद्य सुमित श्रीवास्तव द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया सर्दी जुकाम रोग आजकल विश्वभर में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं में शामिल है। प्रदूषण, बदलती जीवनशैली एवं प्रतिरक्षा असंतुलन के कारण यह रोग अब बार-बार होने वाली दीर्घकालिक समस्या बनता जा रहा है। उन्होंने कहा आधुनिक चिकित्सा में उपलब्ध दवाएँ लक्षणों को नियंत्रित करने में सहायक हैं, किंतु स्थायी राहत देने में उनकी सीमाएँ देखी गई हैं। पद्मश्री सम्मानित वैद्य बालेंदु प्रकाश द्वारा विकसित एवं शोध आधारित आयुर्वेदिक औषधि "इम्बो" पर हुए नियंत्रित चिकित्सीय परीक्षणों में तीव्र, सुरक्षित एवं दीर्घकालिक परिणाम प्राप्त हुए। 100 रोगियों पर किए गए अध्ययन में लगभग 90 प्रतिशत रोगियों को 5 मिनट के भीतर राहत अनुभव हुई। वर्तमान में देशभर के लगभग 1500 चिकित्सक अपनी चिकित्सा पद्धति में "इम्बो" का उपयोग कर रहे हैं। वार्ता के दौरान नेहा नेगी, स्नेह सती व राजेश शर्मा उपस्थित थे।

# यशमीत ने 97.4 प्रति. अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

सितारगंज।जयपुरिया स्कूल की छात्रा यशमीत कौर ने 97.4 फीसदी अंक प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में सितारगंज का नाम रोशन कर दिया है। यशमीत कौर के ताऊ सरदार सुखदेव सिंह सितारगंज पालिका अध्यक्ष हैं। बेटी की इस कामयाबी पर परिवार और उनके समर्थकों में जश्न का माहौल है। तुर्कातीसौर स्थित जयपुरिया स्कूल ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में उत्कर्ष प्रदर्शन कर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यहां अध्यनरत विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जयपुरिया स्कूल की छात्रा यशमीत कौर ने ब्लॉक क्षेत्र में 97% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिजनों का मान सम्मान बढ़ाया है। यशमीत कौर ने इकोनॉमिक्स में 99% पेंटिंग में हंड्रेड प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। यसमीत कौर उद्यमी बनना चाहती हैं। यशमीत कौर के पिता सरदार अवतार सिंह किसान और कारोबारी हैं, जबकि उनकी माता कुलदीप कौर गृहिणी है। छात्र ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय परिवारजन और अध्यापकों को दिया है। जयपुरिया स्कूल के एमडी डॉ अजय अरोरा ने बताया कि विद्यालय का परिणाम सबसे उत्कृष्ट आया है। मेधावी छात्रा की इस उपलब्धि पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, पलविंदर सिंह औलख, जयपुरिया स्कूल के एमडी डॉक्टर अजय अरोड़ा, प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने उन्हें बधाई दी।



# इलेक्ट्रिकल्स एसो. के प्रभात अध्यक्ष, दिलीप बने महामंत्री

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गुलाब रेस्टोरेंट में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में रुद्रपुर इलेक्ट्रिकल्स एसोसिएशन ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन के वरिष्ठ सरपरस्तों मांगेराम गर्ग, अशोक चिलाना, देवी दयाल अनेजा और राजीव गंभीर की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से प्रभात खुराना को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। इसके साथ ही दिलीप गूगलानी को महामंत्री, इन्द्र साहनी को उपाध्यक्ष और सोनू अनेजा को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन को मीडिया में मजबूती से प्रस्तुत करने के लिए युवा साथी दीपक तनेजा को मीडिया प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे इलेक्ट्रिकल्स एसोसिएशन ट्रस्ट को हमेशा मजबूत करने और इसे विकास के नए पथ पर आगे ले जाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन ट्रस्ट परिवार के पूर्व अध्यक्ष शिव चावला, अभिषेक कुमार, मोहित कक्कड़, मानस, अंकुर कक्कड़, हिमांशु खत्री, मयंक माट्टा, अजय अनेजा, प्रीतम गुगलानी, राजेंद्र गुगलानी, बहादुर सिंह और संजीव कुमार सहित संगठन से जुड़े तमाम व्यवसायी और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त टीम को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

